एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

भारत की पहली महिला हॉर्स जॉकी का रोल प्ले करेंगी तापसी पन्नू

बदला, मुल्क और अपनी हालिया रिलीज फिल्म गेम ओवर में दमदार परफॉर्मेंस देने के बाद अब ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू को एक और फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। यह फिल्म हॉर्स जॉकी रूपा सिंह की बायॉपिक होगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाम शबाना के डायरेक्टर शिवम नायर ने उन्हें फिल्म के लिए अप्रोच किया है जो कि भारत की पहली महिला हॉर्स जॉकी रूपा सिंह की जिंदगी पर बेस्ड है।

डायरेक्टर ने इसके लिए राइट्स ले लिए हैं और अभी फिल्म की कहानी पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह आइडिया तापसी को सुनाया है जो कि ऐक्ट्रेस को पसंद आया है। हालांकि, बाउंड स्क्रिप्ट लॉक होनी बाकी है और इसीलिए नरेशन अभी पेंडिंग है।

कहा जा रहा ह कि यह प्रॉजेक्ट अगले साल फ्लोर पर जा सकता है। सूत्र ने बताया कि सैफ अली खान और श्रद्धा कपूर के साथ उज्मा अहमद की बायॉपिक को भी शिवम अगले साल शुरू करने का प्लान कर रहे हैं।

इस बीच तापसी उन प्रॉजेक्ट्स को पूरा करेंगी जिसके लिए उन्होंने हामी भर दी है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि 2020 के मध्य में वह रूपा सिंह की बायॉपिक की तैयारियां शुरू करेंगी।

प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो तापसी अब मल्टीस्टारर फिल्म मिशन मंगल और सांड की आंख में भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा वह एक साउथ की फिल्म, अनुभव सिन्हा की थप्पड़ और अनुराग कश्यप की एक फिल्म भी कर रही हैं।

हमेशा से डांस शो का हिस्सा बनना चाहती थीं एरिका

कसौटी जिंदगी के की अभिनेत्री एरिका फर्नांडिस का कहना है कि वह हमेशा से डांस शो का हिस्सा बनना चाहती थीं और नच बलिए 9 में उन्हें उनके सपने को पूरा करने का मौका मिल रहा है। एरिका और पार्थ समथान इस डांस रियलिटी शो में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस शो में नच बलिए का खिताब जीतने के लिए और भी कई लोकप्रिय जोड़ियां भाग लेंगी।

शो को लेकर एरिका ने बताया, मैं हमेशा से डांस शो का हिस्सा बनना चाहती थी और नच बलिए के जरिए ऐसा होने जा रहा है। भारतीय टेलीविजन पर यह एक बहुत ही ग्लैमरस और बड़ा डांस रियलिटी शो है और बिना पलक झपकाए मैंने इसका हिस्सा बनने के लिए हां कह दी। इस बार नच बलिए 9 में पूर्व जोड़ियों के साथ वर्तमान जोड़ियां भी भाग लेंगी। विजेता जोड़ी को 50 लाख रुपये का इनाम मिलेगा।

धर्मा प्रोडक्शन हाउस के बाहर नजर आई रकुल प्रीत

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत को हाल ही में मुंबई में दोस्तों के साथ लंच पर स्पॉट किया गया. इस दौरान रकुल काफी सिंपल लेकिन ग्लैमरस अंदाज में नजर आईं. रकुल ने इस दौरान ब्लैक क्रॉप टॉप के साथ ब्लू जींस पहनी हुई थी. वहीं, मेकअप की बात करें तो रकुल ने नेचुरल मेकअप किया हुआ था. साथ ही अपनी लुक को खुले बालों से कम्पलीट किया हुआ था. इसके बाद रकुल को धर्मा प्रोडक्शन के ऑफिस के बाहर भी स्पॉट किया गया. बता दें कि रकुल ने हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म दे दे प्यार दे में नजर आईं थी. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था. अब लगता है रकुल की झोली में एक बड़ी फिल्म आने वाली है. रकुल धर्मा प्रोडक्शन के साथ किस प्रोजेक्ट में काम करने वाली हैं इसके लिए तो अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार करना होगा.